Title: Need to provide financial assistance to State Government of Madhya Pradesh for providing relief to the people affected by flood in Raisen, Sehore and Hoshangabad districts- Laid..

श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) : महोदय, मध्य प्रदेश के रायसेन, सीहोर तथा होशंगाबाद जिले के सैंकड़ों ग्राम नर्मदा की बाढ़ के कारण बर्बाद हो गए, हजारों मकान ढह गए, लाखों हैक्टेयर में खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई तथा अनेक पशु मारे गए। घरों में रखा अनाज इत्यादि सारा सामान नष्ट हो गया। बाढ़-पीड़ितों को अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा नाममात्र की राहत दी गई है। राहत और पुनर्वास के कार्यों की बड़े व्यापक पैमाने पर आवश्यकता है।

केन्द्र सरकार से आग्रह है कि बाढ़-पीड़ितों को राहत देने तथा पुनर्वास हेतु तत्काल कदम उठाए।